सीआइएमपी में आज बिहार अर्बन सिम्पोजियम

patna@inext.co.in

PATNA (10 Sep): चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना (सीआइएमपी) में गुरुवार को बिहार अर्बन सिम्पोजियम 2025 का आयोजन किया जाएगा. रेरा बिहार और यूनीसेफ के सहयोग से सुबह 10.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम नीति निर्माता, उद्योग जगत, शिक्षाविद् और नागरिक समाज को एक साथ लाकर बिहार के शहरी भविष्य को आकार देने पर केंद्रित रहेगा. समारोह का उद्घाटन राज्य मंत्री आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार तोखन साहू करेंगे. शहरी विकास और आवास मंत्री जीवेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे. उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा मुख्य वक्ता होंगे. इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदय कांत मिश्रा, रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह मौजूद रहेंगे.

I Next ! Page No - 06 ! Date - 11-09-2025 !

चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान में होगा बिहार अर्बन संगोष्ठी 2025 का आयोजन

पटना। चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना (सीआईएमपी) 11 सितम्बर को बिहार अर्बन संगोष्ठी 2025 का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 10-30 बजे संस्थान के सभागार, मीठापुर में होगा। संगोष्ठी का उद्देश्य बिहार के शहरी भविष्य को आकार देने के लिए नीति निर्धारकों, उद्योग जगत, शिक्षाविदों और नागरिक समाज को एक मंच पर लाना है। समारोह का उद्घाटन भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री माननीय तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के शहरी विकास एवं आवास मंत्री माननीय जीबेश कुमार उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश एवं पूर्व सचिव, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय श्री दुर्गा शंकर मिश्रा अपना संबोधन देंगे। इस अवसर पर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदय कांत मिश्रा, रेरा बिहार के अध्यक्ष श्री विवेक कुमार सिंह तथा अन्य विशेषज्ञ भी भागीदारी करेंगे। इस वर्ष का विषय 'शहरी बिहार @2030 - सक्षम, समावेशी, रहने योग्य और स्मार्ट' निर्धारित किया गया है। संगोष्ठी में उपग्रह नगरों के विकास, शहरी रोजगार और आजीविका, आपदा प्रतिरोधी और टिकाऊ शहरीकरण जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) राणा सिंह ने कहा कि सीआईएमपी शैक्षणिक शोध और नीतिगत कार्यान्वयन के बीच सेतु बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह संगोष्ठी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री कुमोद कुमार ने भी इसे सतत और समावेशी शहरी विकास की दिशा में सार्थक प्रयास बताया।

Aaj ! Page No - 08 ! Date - 11-09-2025 !

सीआइएमपी में बिहार अर्बन सिम्पोजियम आज

जागरण संवाददाता, पटना: चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना (सीआइएमपी) में गुरुवार को बिहार अर्बन सिम्पोजियम 2025 का आयोजन किया जाएगा। रेरा बिहार और यूनीसेफ के सहयोग से सुबह 10.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम नीति निर्माता, उद्योग जगत, शिक्षाविद् और नागरिक समाज को एक साथ लाकर बिहार के शहरी भविष्य को आकार देने पर केंद्रित रहेगा।

समारोह का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे। शहरी विकास और आवास मंत्री जीबेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा मुख्य वक्ता होंगे। इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदय कांत मिश्रा, रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह मौजूद रहेंगे।

Dainik Jagran !
Page No - 19 !
Date - 11-09-2025 !